# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (04.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 04.01.2025, PAGE-06**

# केमेस्ट्री विभाग में बनेगा टेनिस कोर्ट

**बीआरएबीयू**

- कुलपति और रजिस्ट्रार ने किया विभाग में जगह का निरीक्षण
- खेलो इंडिया के तहत एक हफ्ते में शुरू किया जाएगा काम

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि के पीजी केमेस्ट्री विभाग में टेनिस कोर्ट बनाया जाएगा। यह कोट खेलो इंडिया के तहत बनाया जाएगा। इसके बाद यहां राष्ट्रीय स्तर के खेल हो सकेंगे। केमेस्ट्री विभाग में कोर्ट बनाने के लिए शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण ने जगह का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केमेस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार के साथ टेनिस कोर्ट बनाने पर चर्चा की।

जगह के निरीक्षण के दौरान खेलो इंडिया के एक विशेषज्ञ भी मौजूद थे। विशेषज्ञ ने कोर्ट के लिए जमीन देखी और इसको बनाने को लेकर हरी झंडी दे दी। एक हफ्ते के अंदर टेनिस कोर्ट बनाने का काम शुरू हो जाएगा। नए टेनिस कोर्ट के अलावा केमेस्ट्री विभाग में पहले से बने कोर्ट की भी मरम्मत की जाएगी। इसके साथ कोर्ट की दूसरी तरफ दर्शक दीर्घा भी बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद विवि में कई अंतर विवि खेल का आयोजन किया जाएगा। इसको राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके तैयार होने के बाद बीआरएबीयू राष्ट्रीय खेलों का भी आयोजन करा सकेगा।

उधर, खेलो इंडिया के तहत विवि को राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी मिल सकती है। विवि के स्तर से इसको लेकर पहल की गई है। प्रारंभिक चरण में सकारात्मक फीडबैक मिला है। ऐसे में विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता को लेकर स्थल की तलाश शुरू कर दी है। कुलपति ने केमेस्ट्री विभाग में बने बास्केटबाल कोर्ट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि देखरेख नहीं होने के कारण उसकी स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में इस कोर्ट को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के मानक पर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही महिला छात्रावास में खाली पड़े स्पेश में वॉलीबाल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल कोर्ट बनाया जाएगा। वीसी ने कहा कि इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की सफल मेजबानी के बाद बीआरए बिहार विवि में स्पोर्ट्स को लेकर बेहतर माहौल बना है। यहां के खिलाड़ी लगातार इस्ट जोन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। विवि के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि वीसी के नेतृत्व में कोर्ट का निरीक्षण किया गया।

# रसियन का परीक्षा फॉर्म छह तक भरा जाएगा

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में डिप्लोमा इन रसियन सत्र 2024-25 का परीक्षा फॉर्म छह जनवरी तक भरा जाएगा। परीक्षा विभाग ने शुक्रवार शाम इसका पत्र जारी कर दिया। 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ सात जनवरी तक फॉर्म भरा जायेगा।

परीक्षा विभाग ने छात्रों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा फॉर्म बीआरएबीयू की वेबसाइट www. brabu. net पर जाकर भरें और इसका प्रिंट विभाग में जमा कर दें। छात्रों को परीक्षा फीस के तौर पर 1480 रुपये देने होंगे। दूसरी ओर विवि प्रशासन ने कई वोकेशनल कोर्सों का परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख भी बढ़ा दी है। अब छात्र 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ इन कोर्सों का फॉर्म चार जनवरी तक भर सकते हैं। परीक्षा विभाग ने बीसीए-बीबीए पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर समेत अन्य कोर्स के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:04.01.2025, PAGE-06



पंजाब रवाना होने से पूर्व कुलपति के साथ विवि की मेंस कुश्ती टीम।

## विवि मेंस कुश्ती टीम पंजाब रवाना

मुजफ्फरपुर। पंजाब में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी मेंस कुश्ती प्रतियोगिता के लिए बीआरएबीयू की टीम शुक्रवार को रवाना हो गई। कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय ने टीम को रवाना किया। मौके पर विवि की रजिस्ट्रार अपराजिता कृष्ण, खेल परिषद के सचिव प्रो. कांतेश कुमार, समन्वयक महेंद्र प्रसाद व टीम मैनेजर तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के सहायक प्रो. वीरेंद्र कु. यादव थे।

## पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल बदला

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के परीक्षा विभाग ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-24 के परीक्षा के शेड्यूल में बदलाव किया है। पुराने शेड्यूल में ग्रुप एफ में सोशियोलॉजी, संस्कृत, हिंदी और गणित विषय की परीक्षा थी। यह परीक्षा सात जनवरी को होनी थी। नए शेड्यूल में ग्रुप एफ में सोशियोलॉजी, संस्कृत, हिंदी और इकोनॉमिक्स को रखा गया है। यह परीक्षा अब आठ जनवरी को होगी। गणित विषय को ई ग्रुप में रखा गया है। इस ग्रुप की भी परीक्षा आठ को ही होगी।

## 37 कॉलेजों ने ही दी एआईएसएचसी में जानकारी

मुजफ्फरपुर। आल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन (एआईएसएचसी) में बीआरएबीयू से सिर्फ 37 कॉलेजों ने ही अपनी जानकारी दी है। एआईएसएचसी की तरफ से शुक्रवार को इसको लेकर ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें कहा गया कि बिहार विवि में 169 कॉलेज हैं जिन्हें एआईएसएचई के तहत पूरी जानकारी देनी है। निर्देश दिया गया कि 15 जनवरी तक सभी जानकारी भेज दें।

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE: 04.01.2025**
**PAGE-04**

## बास्केटबाल की मेजवानी कर सकती है बीआरएबीयू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर** : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर की बास्केट बाल प्रतियोगिता की मेजबानी मिल सकती है। विश्वविद्यालय स्तर से इसको लेकर पहल की गई है। ऐसे में विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता को लेकर स्थल की तलाश कर रही है। इसको लेकर शुक्रवार को कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में बने बास्केटबाल कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि देखरेख नहीं होने के कारण उसकी स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में इस कोर्ट को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के मानक पर तैयार किया जाएगा। वहीं महिला छात्रावास में खाली पड़े स्पेश में वालीबाल, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट बन सकता है। कुलपति ने कहा कि इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता की सफल मेजबानी के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स को लेकर बेहतर माहौल बना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 04.01.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स का परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

छात्र व कालेजों की मांग पर बीआएबीयू की ओर से बीबीए-बीसीए सहित अन्य कोर्स के लिए लिया गया फैसला



**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर** : बड़ी संख्या में वोकेशल के छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म नहीं भर सके। विद्यार्थी व कालेजों के मांग पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से बीबीए-बीसीए सहित वोकेशनल कोर्स की विभिन्न परीक्षाओं के लिए विलंब शुल्क के साथ फार्म भरने का समय बढ़ाया है। संबंधित विभाग ओर से कालेजों में 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ चार जनवरी तक परीक्षा फार्म स्वीकार किया जाएगा। पिछले महीने ही सभी विभाग और कालेजों में परीक्षा फार्म भरवाया गया था। इस दौरान कई छात्र फार्म भरने वंचित रह गये थे। कालेज व छात्रों के अनुरोध पर 4 जनवरी तक समय दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुब्बालाल की मानें तो संबंधित कोर्स के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से परीक्षा फार्म डाउनलोड के बाद भरकर संबंधित विभाग या कालेज में जमा कर दें। बता दें कि बीबीए, बीसीए, पीजीडीवाईएस, एचजेएमसी, पीजीडीसीए, एमसीए, एमबीए, सर्टिफिकेट इन रशियन, पीजी डिप्लोमा इन रशियन और बी.वोक. की परीक्षाएं होनी है। 4 जनवरी तक परीक्षा फार्म व शुल्क जमा करने के बाद 7 जनवरी तक विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में छात्रों की सूची और परीक्षा शुल्क जमा कराने को कहा गया है। इसके साथ ही इंटरनल के मार्क्स भी परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना है।

### डिप्लोमा इन रशियन का छह तक भरा जाएगा परीक्षा फार्म

**मुजफ्फरपुर** : विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा इन रशियन कोर्स के सत्र 2024-25 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। जनवरी में ही परीक्षा संभावित है। 6 जनवरी तक परीक्षा फार्म भरने का समय दिया गया है। वहीं सात जनवरी को 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म स्वीकार किया जाएगा। आठ जनवरी तक विभाग से विद्यार्थी की सूची और परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड करके सभी जरूरी सूचनाएं भरकर विभाग में जमा करना है। परीक्षा फार्म के साथ 1480 रुपए जमा करना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 04.01.2025, PAGE-04**

### विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में बने कोर्ट का कुलपति ने किया निरीक्षण

# प्रदर्शन देखकर खेलो इंडिया में बीआरएबीयू को मिल सकती है बास्केटबॉल की मेजबानी

- बोले- खेलकूद की गतिविधियों को दी जाएगी प्राथमिकता, छात्रावासों में भी मिलेंगी सुविधाएं

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर की बास्केट बॉल प्रतियोगिता की मेजबानी मिल सकती है. विश्वविद्यालय के स्तर से इसको लेकर पहल की गयी है.

प्रारंभिक चरण में सकारात्मक फीडबैक मिला है. ऐसे में विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता को लेकर स्थल की तलाश शुरू कर दी है. इसको लेकर शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में बने बास्केट बॉल कोर्ट का निरीक्षण किया.

इस दौरान पाया गया कि देखरेख नहीं होने के कारण उसकी स्थिति ठीक नहीं है. ऐसे में इस कोर्ट को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के मानक पर तैयार किया जाएगा. इसके साथ ही महिला छात्रावास में खाली पड़े स्पेश में वॉलीबाल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल कोर्ट बनाया जाएगा.

## एक करोड़ रुपये खर्च कर खेलकूद के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनायेंगे बेहतर



**कुलपति** ने कहा कि इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की सफल मेजबानी के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे स्पोर्ट्स को लेकर बेहतर माहौल बना है. यहां के खिलाड़ी लगातार इस्ट जोन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं. ऐसे मे खेलकूद की गतिविधियों को लगातार और बेहतर बनाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है. आगामी एक वर्ष मे खेलकूद के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे. विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ कांतेश कुमार ने बताया कि कुलपति के नेतृत्व मे बास्केटबॉल कोर्ट का निरीक्षण किया गया. प्रस्ताव है कि रसायनशास्त्र विभाग मे दो कोर्ट का निर्माण किया जाएगा. पहले सीमेंटेड कोर्ट बनेगा. इसके बाद इसे सिंथेटिक कोर्ट के रूप मे विकसित किया जाएगा. कुलपति ने बैडमिंटन कोर्ट के पीछे स्थित टेबल टेनिस कोर्ट के निर्माण को लेकर भी निरीक्षण किया.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर लें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE : 04.01.2025, PAGE-04**


## कुश्ती चैंपियनशिप के लिए विवि की टीम रवाना



**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की कुश्ती टीम शुक्रवार को पंजाब के भटिंडा स्थित गुरू काशी विश्वविद्यालय में होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी. पांच से 12 जनवरी तक यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया. उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा, खेल परिषद के सचिव प्रो.कांतेश कुमार, समन्वयक महेंद्र प्रसाद और टीम मैनेजर तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन प्रो बीरेंद्र यादव मौजूद थे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 04.01.2025, PAGE-04


## छात्रों के स्पर्धा छोड़ने के निर्णय के बाद विवि में अफसरों की बैठक

# कल्चरल फेस्ट में शामिल होने वाले विद्यार्थी परीक्षा से होंगे वंचित



- पूर्व से निर्धारित है इस्ट जोन प्रतियोगिता का कार्यक्रम, इसके बाद जारी किया गया परीक्षा का शेड्यूल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू का इस्ट जोन कल्चरल फेस्ट में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राएं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित हो सकते हैं. कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय न्यू टाउन में 6 से 13 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन होना है. बीआरएबीयू की टीम छह जनवरी को यहां से प्रस्थान करेगी. इस टीम में शामिल नौ छात्र-छात्राएं स्नातक प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं. इसकी जानकारी परीक्षा विभाग को पूर्व में दी जा चुकी है. इसके बाद भी जारी शिड्यूल में इसका ख्याल नहीं रखा गया. इसके बाद छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता छोड़ने का निर्णय लिया है. इसकी जानकारी मिलते ही आयोजन समिति के सदस्यों ने विवि के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी. सांस्कृतिक समन्वयक डॉ इंदुधर झा ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम के कारण असमंजस की स्थिति है. कुलपति को इससे अवगत कराया गया है. शीघ्र ही इसका समाधान निकलेगा. इसको लेकर शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक भी हुई है. बता दें कि विवि की 48 सदस्यीय टीम छह जनवरी को प्रतियोगिता के लिए प्रस्थान करेगी.

**नेट और पीजी की परीक्षा एक ही तिथि को :** बीआरएबीयू की ओर से ली जा रही चौथे सेमेस्टर परीक्षा और नेट की परीक्षा एक ही तिथि को होने के कारण छात्र-छात्राएं परेशान हैं. विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को नेट की तिथि को देखते हुए परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन करने की मांग की है. आठ विषयों की परीक्षा आठ जनवरी हो है. इसी दिन नेट का भी एग्जाम है. बता दें कि पूर्व में इस परीक्षा के कार्यक्रम में संशोधन किया गया था.

### विलंब शुल्क के साथ कल तक भरा जाएगा वोकेशनल का परीक्षा फॉर्म

**मुजफ्फरपुर** .बीआरएबीयू की ओर से विभिन्न वोकेशनल कोर्स में नामांकित छात्र-छात्राओं के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित की गयी है. 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ चार जनवरी तक परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया गया है. बताया गया कि कॉलेजों की ओर से अनुरोध किया गया था कि बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गये हैं. ऐसे में उन्हें मौका दिया जाए. इसको देखते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ायी गयी. छात्र-छात्राओं को कहा गया है कि वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर उसे संबंधित कॉलेज या विभाग में जमा कराएं. सत्यापित होने के बाद परीक्षा शुल्क जमा करें. बीबीए, बीसीए, पीजीडीवाइएस, एचजेएमसी, पीजीडीसीए, एमसीए, एमबीए, सर्टिफिकेट इन रशियन, पीजी डिप्लोमा इन रशियन और बी.वोक की परीक्षाएं इसी महीने शुरू होनी हैं. इसको लेकर फॉर्म भरा जा रहा है.

### रशियन कोर्स : छह तक भरें परीक्षा फॉर्म

बीआरएबीयू के रूसी भाषा विभाग में संचालित डिप्लोमा इन रशियन कोर्स की परीक्षा के लिए भी फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई गयी है. सत्र 2024-25 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा जनवरी मे प्रस्तावित है. ऐसे मे छह जनवरी तक परीक्षा फॉर्म भरने का समय दिया गया है. सात जनवरी को 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा. विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा शुल्क का भी निर्धारण किया गया है. परीक्षा शुल्क 1480 रुपये जमा करना होगा. इसमे 1000 रुपए परीक्षा शुल्क, 100 रुपए एडमिट कार्ड, 100 रुपए मार्कशीट, 100 रुपये लोकल लेवी और 80 रुपये स्पोर्ट्स का शुल्क निर्धारित किया गया है.

### उत्कृष्ट कार्य पर होंगे सम्मानित

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू समेत कॉलेजों में शिक्षा के क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वालों को राज्यपाल सम्मानित करेंगे. 26 जनवरी को राजभवन मे होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान वे सम्मानित होंगे. उच्च शिक्षा निदेशक डॉ रेखा ने सभी कुलसचिव को पत्र भेजकर ऐसे व्यक्तियों की सूची राजभवन सचिवालय व निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 04.01.2025, PAGE-06

# ₹500 विलंब शुल्क के साथ वोकेशनल कोर्स के लिए आज तक भर सकते हैं परीक्षा फॉर्म

## कॉलेजों के अनुरोध पर दो दिन का अतिरिक्त समय दिया गया

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीबीए-बीसीए सहित वोकेशनल कोर्स की विभिन्न परीक्षाओं के लिए विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने का समय बीआरए बिहार विवि की ओर से बढ़ा दिया है। संबंधित विभाग और कॉलेजों में 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ 4 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म जमा लिए जाएंगे। पिछले महीने ही सभी विभाग और कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरवाया गया था। इस दौरान कई छात्र फॉर्म भरने से छूट गए थे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुब्बालाल की ओर से तिथि विस्तारित करते हुए शुक्रवार को नोटिस जारी किया गया है। कहा गया है कि छात्र विवि की वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म डाउनलोड कर लें और उसे पूरी तरह से भरकर संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा कर दें। बीबीए, बीसीए, पीजीडीवाईएस, एचजेएमसी, पीजीडीसीए, एमसीए, एमबीए, सर्टिफिकेट इन रशियन, पीजी डिप्लोमा इन रशियन और बी.वोक. की परीक्षाएं होनी है। 4 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म व शुल्क जमा लेने के बाद 7 जनवरी तक विवि परीक्षा विभाग में छात्रों की सूची और परीक्षा शुल्क जमा कराने को कहा गया है।

### डिप्लोमा इन रशियन का 6 तक भरा जाएगा फॉर्म

विश्वविद्यालय की ओर से डिप्लोमा इन रशियन कोर्स के सत्र 2024-25 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। जनवरी में ही परीक्षा संभावित है। 6 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म भरने का समय दिया गया है। वहीं, 7 जनवरी को 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। 8 जनवरी तक विभाग से छात्र-छात्राओं की सूची और परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड करके सभी जरूरी सूचनाएं भरकर विभाग में जमा करना है। परीक्षा फॉर्म के साथ 1480 रुपए जमा करना है। इसमें 1000 रुपए परीक्षा शुल्क, 100 रुपए एडमिट कार्ड का, 100 रुपए मार्कशीट का, 100 रुपए लोकल लेवी और 80 रुपए स्पोर्ट्स फी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE :04.01.2025, PAGE-07**

खेलो इंडिया • पहले चरण में सकारात्मक फीडबैक मिलने के बाद शुरू की गई तैयारी

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए बीआरएबीयू ने की मेजबानी की दावेदारी

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वुमंस बास्केटबॉल चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए खेल के प्रति सकारात्मक माहौल बनने लगा है। विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए दावेदारी की है। विश्वविद्यालय के स्तर से इसे लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है। अगले वर्ष खेलकूद के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

प्रारंभिक चरण में सकारात्मक फीडबैक मिलने के बाद विश्वविद्यालय ने प्रतियोगिता को लेकर आयोजन स्थल की तलाश शुरू कर दी है। अभी विश्वविद्यालय केमिस्ट्री विभाग में बने बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजन कराने का प्रस्ताव रखा गया है। शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में अधिकारियों ने केमिस्ट्री विभाग में बने बास्केटबॉल कोर्ट का निरीक्षण किया। उचित देखरेख नहीं होने के कारण कोर्ट की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। तय किया गया कि इस कोर्ट को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के मानक पर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही महिला छात्रावास में खाली पड़े स्पेस में भी वॉलीबाल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल कोर्ट बनाया जाएगा। कुलपति ने कहा कि ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की सफल मेजबानी के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स को लेकर बेहतर माहौल बना है। यहां के खिलाड़ी लगातार ईस्ट जोन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में खेलकूद की गतिविधियों को लगातार और बेहतर बनाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने बताया कि कुलपति के नेतृत्व में बास्केटबॉल कोर्ट का निरीक्षण किया गया। प्रस्ताव है कि रसायनशास्त्र विभाग में दो कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। पहले सीमेंटिड कोर्ट बनेगा। इसके बाद इसे सिंथेटिक कोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। कुलपति ने बैडमिंटन कोर्ट के पीछे स्थित टेबल टेनिस कोर्ट के निर्माण को लेकर भी निरीक्षण किया। कहा कि आयोजन को सफल बनाने में कोई असर नहीं छोड़ी जाएगी।